तुरंत रिलीज के लिजए

# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन समर्पित कम्युनिटी यूथ हब्स बना रही है

***अब युवा अपनी आदर्श सामुदायिक जगहें चुनने में अपनी राय दे सकते हैं।***

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (27 अक्तूबर, 2020) – ब्रैम्पटन में 14 से 29 वर्ष के युवा अब, ब्रैम्पटन में दो समर्पित कम्युनिटी यूथ हब्स (Community Youth Hubs) बनाने में अपनी राय देने हेतु वर्कशॉप के लिए रजिस्टर कर सकते हैं। सभी निवासियों के लिए अपनी राय प्रदान करने हेतु एक सर्वेक्षण भी ऑनलाइन उपलब्ध (available online) है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, रेक्रिएशन केंद्रों पर स्थित दो जगहों को कम्युनिटी यूथ हब्स में बदल रही है, ताकि पूरे शहर के युवाओं को बेहतर मदद देने के लिए, युवा-विशेष प्रोग्राम, सेवाएं और गतिविधियां पेश की जा सकें। ब्रैम्पटन के विकासशील युवा समुदाय के पास जल्द ही, सेंचुरी गार्डन्स रेक्रिएशन सेंटर (340 वोडन स्ट्रीट) (Century Gardens Recreation Centre) (340 Vodden Street) और साउथ फ्लैचर्स स्पोर्ट्सप्लेक्स (500 रे लॉसन बुलेवार्ड) (South Fletcher's Sportsplex) (500 Ray Lawson Boulevard) में समर्पित जगह होगी।

निवासियों और स्टेकहोल्डर्स के साथ सिटी की मश्विरा प्रक्रिया से मिले सुझावों से, डिज़ाइन प्रक्रिया सर्दी 2021 में शुरू होगी। यह सिटी के पार्क्स एंड रेक्रिएशन मास्टर प्लान (Parks and Recreation Master Plan) का हिस्सा है। यूथ हब्स (Youth Hubs) के लिए फंडिंग, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन 2020-2022 कैपिटल बजट (5.85 मिलियन डॉलर) और रीजन ऑफ पील (Region of Peel) 2020 कैपिटल बजट ($6.0 मिलियन डॉलर) द्वारा प्रदान की जाएगी। पूरे विवरणों के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

नीचे दिया गया है कि निवासी इन जगहों को बेहतर बनाने में कैसे शामिल हो सकते हैं।

**युवाओं के लिए आभासी (वर्चुअल) वर्कशॉप्स**

सिटी, ब्रैम्पटन के 14 से 29 वर्ष के युवाओं को एक ऑनलाइन वर्कशॉप हेतु रजिस्टर करके, कम्युनिटी यूथ हब्स डिज़ाइन करने और प्रोग्रामिंग के बारे में अपनी राय देने के लिए आमंत्रित कर रही है। युवा, इन सेशनों में से एक के लिए रजिस्टर कर सकते हैं:

- 10 नवंबर – शाम 7 बजे
- 12 नवंबर – शाम 7 बजे
- 19 नवंबर – शाम 7 बजे

रजिस्ट्रेशन 26 अक्तूबर को शुरू हो रही है। प्रत्येक वर्कशॉप तारीख के लिए पहले 50 रजिस्टर करने वाले युवाओं को एक मुफ्त ब्रैम्पटन रेक्रिएशन (Brampton Recreation) पास मिलेगा, जिसका प्रयोग तैराकी, स्टेकिंग या फिटनेस प्रोग्राम में

शामिल होने के लिए किया जा सकता है। वर्कशॉप में शामिल होने वाले सभी भागीदार युवाओं को, सालाना फिटनेस मेम्बरशिप जीतने में शामिल किया जाएगा। अभी www.brampton.ca/recreation पर रजिस्टर करें।

**ऑनलाइन प्रश्नावली**

सभी निवासियों को एक ऑनलाइन प्रश्नवाली द्वारा, युवाओं के लिए इन जगहों के बारे में राय प्रदान करने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। सर्वेक्षण का जवाब देने वाले सभी व्यक्तियों को एक मासिक फिटनेस पास जीतने के लिए ड्रा में शामिल किया जाएगा। प्रश्नावली पूरी करने के लिए, www.brampton.ca/recreation पर जाएं।

**यूथ फ्रेंडली कम्युनिटी पदवी**

मार्च 2020 में, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन को, प्ले वर्क्स (Play Works) द्वारा प्लैटीनम यूथ फ्रेंडली कम्युनिटी (Platinum Youth Friendly Community) की पदवी मिली थी। यह पार्क्स एंड रेक्रिएशन ओनटैरियो (Parks and Recreation Ontario) द्वारा हिमायत वाला प्रोग्राम है। यह तीसरी बार है, जब सिटी को युवाओं के लिए वृद्धि और विकास के अवसरों के लिए, इसकी शानदार प्रतिबद्धता के लिए मान्यता दी गई है। सिटी, इस साल टॉप प्लैटीनम पदवी प्राप्त करने वाले तीन समुदायों में से एक है। अधिक जानने के लिए यहां क्लिक करें (Click here)।

**हवाले**

"हमने ब्रैम्पटन में कम्युनिटी यूथ हब्स बनाने की रोमांचक प्रक्रिया शुरू कर दी है। हमने हमारे युवाओं और युवाओं को सेवा देने वाले संगठनों से सुना कि समर्पित यूथ हब्स जरूरी हैं, ताकि विविधिता और समानता को प्रोत्साहित किया जा सके, नवीनताकारी भागीदारी में वृद्धि की जा सके और युवाओं के लिए सुरक्षित जगहें प्रदान की जा सकें। मैं ब्रैम्पटन के युवाओं को सलाह देता हूं कि वे डिज़ाइन और प्रोग्रामिंग के बारे में अपनी राय प्रदान करके, इस प्रक्रिया में लीडरशिप वाली भूमिका निभाएं।"

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"यूथ-फ्रेंडली कम्युनिटी के तौर पर, ब्रैम्पटन में युवाओं से जुड़ना, यह सुनिश्चित बनाने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम उनकी जरूरतों को पूरा करना जारी रख रहे हैं और अब व बाद की ज़िंदगी में सफलता के लिए उन्हें स्थापित कर रहे हैं। युवाओं के लिए सुरक्षित और सुलभ जगहें बनाने से, हमारी टर्म ऑफ काउंसिल प्रायरिटी में वृद्धि होगी कि ब्रैम्पटन, सभी के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित शहर है। कम्युनिटी यूथ हब्स, हमारे युवाओं के स्वास्थ्य और भलाई में बड़ी भूमिका निभाएंगे।"

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"ब्रैम्पटन, कैनेडा में सबसे अधिक युवा आबादी वाले शहरों में से एक है, जिसमें 14 से 29 वर्ष के 130,000 से अधिक युवा हैं। यह इस कारण का बड़ा हिस्सा है कि ये हब्स इतने महत्वपूर्ण क्यों हैं। यह जरूरी है कि हम हमारे युवाओं से और उनसे

राय लें, जो उनकी जरूरतों के मुताबिक विशेष प्रोग्रामिंग और सेवाओं वाली गतिशील जगहें बनाने में उनके साथ मिलकर काम करते हैं।"

- *शार्मेन विलियम्स* (Charmaine Williams), *सिटी काउंसलर, वार्ड्स* 7 *और* 8; *वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी का स्टाफ, शामिल होने वाले अवसर प्रदान करने और हमारे स्टेकहोल्डर्स को शामिल करने के लिए समर्पित है, क्योंकि हम ब्रैम्पटन के कम्युनिटी यूथ हब्स स्थापित करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। सीधे युवाओं और समुदाय से सुनकर, स्टाफ, हमारे युवाओं की जरूरतों के लिए, इन युवा विशेष जगहों की बेहतर योजना और डिज़ाइन बनाने के योग्य है।"

- *डेविड बैरिक* (David Barrick), *चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca